भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2740

उत्तर देने की तारीख-12/08/2026

ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय शासी बोर्ड (आईजीबी) बैठक

2740 **डा. सिकंदर कुमार:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत द्वारा आयोजित हाल ही में संपन्न ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय सम्मेलन और अंतर्राष्ट्रीय शासी बोर्ड की बैठक के दौरान प्राप्त प्रमुख परिणामों तथा संस्थागत उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) सदस्य राष्ट्रों के बीच शैक्षणिक सहयोग और संयुक्त डिग्रियों की मान्यता को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय शासी बोर्ड द्वारा अपनाई गई संस्थागत संरचना का ब्यौरा क्या है;

(ग) ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय के अंतर्गत नव-प्रस्तावित विषयगत क्षेत्र पारंपरिक एवं स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के क्रियान्वयन की रूपरेखा क्या है तथा इसमें भारत की प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में क्या भूमिका निर्धारित की गई है; और

(घ) विस्तारित ब्रिक्स समूह में पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान को साझा करते समय बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा करने तथा जैव-चोरी (बायोपाइरेसी) को रोकने के लिए स्थापित तंत्रों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के दौरान, शिक्षा मंत्रालय ने दिनांक 20 जुलाई, 2026 को आभासी रूप में ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय (ब्रिक्स एनयू) सम्मेलन का आयोजन किया। बैठक का विषय "डिजिटल युग में पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के संरक्षण की आवश्यकता और चुनौतियां" था। यह सम्मेलन तीन सत्रों (i) ब्रिक्स देशों में पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों की मैपिंग, पहचान और व्यवस्थित दस्तावेजीकरण, (ii) पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों का

संरक्षण और सुरक्षा, तथा (iii) पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के संरक्षण में डिजिटल प्रौद्योगिकी की भूमिका में विभाजित किया गया था।

इन सत्रों के दौरान मैपिंग, पहचान, व्यवस्थित दस्तावेज़ीकरण, संरक्षण, सुरक्षा और पारंपरिक अथवा स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को संरक्षित करने में डिजिटल तकनीकों की भूमिका सहित भारत और ब्रिक्स सदस्य देशों के विषय विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया। भारत ने ब्रिक्स के सदस्य देशों के साथ "पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणाली संबंधी सहयोग को सुदृढ़ करने संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांत" साझा किए।

ब्रिक्स एनयू की अंतरराष्ट्रीय शासी बोर्ड बैठक (आईजीबी) दिनांक 21 जुलाई, 2026 को आभासी रूप से आयोजित की गई। बैठक के दौरान, आईजीबी के सदस्यों ने ब्रिक्स एनयू के 11 अंतरराष्ट्रीय विषयगत समूहों (आईजीटी) में भागीदार 178 विश्वविद्यालयों के बीच सहयोगी गतिविधियों के बारे में अद्यतित जानकारी प्रस्तुत की गई।

ब्रिक्स एनयू के अंतर्गत, ब्रिक्स के प्रत्येक सदस्य देश के पास दो ऐसे उच्चतर शिक्षण संस्थानों को नामित करने का विकल्प है जो 11 अंतरराष्ट्रीय विषयगत समूहों (आईजीटी) में फोकस वाले विषयों पर कार्य करते हैं। ब्रिक्स एनयू में भारत के 22 संस्थान शामिल हैं। भारत ने ब्रिक्स एनयू और आईजीबी बैठकों के दौरान 12वें आईटीजी के रूप में "पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणाली" को प्रस्तावित किया तथा इस प्रस्ताव का उल्लेख दिनांक 7 अगस्त, 2026 को आयोजित 13वीं ब्रिक्स शिक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान अंगीकृत घोषणापत्र में भी किया गया है।

*****